HAMIRPUR POLICE

थाना मौदहा दिनाँक 20.11.2023

यातायात जागरूकता कार्यशाला का आयोजन कर छात्र-छात्राओं को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया गया:-

आज दिनांक 20.11.2023 को यातायात जागरूकता माह नवंबर- 2023 के क्रम में क्षेत्राधिकारी यातायात व एआरटीओ हमीरपुर द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर में जाकर छात्रों/ स्काउट गाइड /एनसीसी कैडिटों को सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों के बारे में बताया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी यातायात व एआरटीओ हमीरपुर द्वारा उपस्थित छात्रों एवं अन्य सभी लोगो को ट्रैफिक नियमों के बारे में जानकारी दी गई व सभी को शपथ दिलायी गयी कि कभी यातायात नियम नही तोड़ेंगे एवं उनसे अपेक्षा की आप अपने परिवार/आस-पड़ोस में भी यातायात के नियमों से उनको अवगत कराएंगे। सार्वजनिक स्थानों में इसी तरह के जागरूकता शिविर आगे भी आयोजित करेंगे जिससे जनमानस में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता आ सके एवं दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकार यातायात व एआरटीओ हमीरपुर द्वारा उपस्थित छात्रों से यातायात जागरूकता संबंधी प्रश्न पूछे गए एवं जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

इस मौके पर प्रभारी यातायात व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारी मौजूद रहे।